भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या **254**
जिसका उत्तर मंगलवार, 15 सितम्बर, 2020/24 भाद्रपद, 1942 (शक) को दिया जाना है।

यूरिया की आपूर्ति

254. श्री बंदी संजय कुमार:

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने वर्तमान खरीफ/वणक्कलम मौसम के लिये तेलंगाना राज्य को यूरिया और अन्य उर्वरकों की निर्धारित मात्रा के अनुसार आपूर्ति कर दी है;

(ख) यदि हां, तो प्रदान किये गये यूरिया/उर्वरकों की मात्रा के संबंध में ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो यूरिया की आपूर्ति में कमी का क्या कारण है;

(ग) क्या तेलंगाना में फसल बुआई में वृद्धि के फलस्वरूप राज्य सरकार की ओर से यूरिया/उर्वरकों की अतिरिक्त मात्रा की कोई मांग की गई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्री

(डी.वी. सदानंद गौड़ा)

(क) और (ख): जी, हां। कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग (डीएसीएण्डएफडब्ल्यू) राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के साथ परामर्श से प्रत्येक मौसम की शुरूआत से पहले राजसहायता प्राप्त सभी उर्वरकों की आवश्यकता का मूल्यांकन करता है। उर्वरक विभाग राज्य स्तर पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करता है और राज्य में किसानों को वितरण करना संबंधित राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। चालू खरीफ मौसम के लिए तेलंगाना राज्य में यूरिया और अन्य उर्वरकों की अनुमानित आवश्यकता (मांग), उपलब्धता और बिक्री (डीबीटी) निम्नानुसार है:

				<आंकड़े लाख मी.टन में>
चालू खरीफ मौसम हेतु तेलंगाना राज्य में उर्वरकों के ब्यौरे (01.04.2020 से 10.09.2020)				
क्रसं.	उत्पाद समूह	अनुमानित आवश्यकता	उपलब्धता	डीबीटी बिक्री
1.	यूरिया	8.67	10.71	9.45
2.	पीएण्डके*	10.20	15.40	11.56

स्रोत: आईएफएमएस डैशबोर्ड। *पीएण्डके उर्वरक समूह में डीएपी, एमओपी और एनपीकेएस उर्वरक शामिल हैं।

उपर्युक्त सारणी से यह देखा जा सकता है कि तेलंगाना में यूरिया और पीएण्डके उर्वरकों की उपलब्धता की तुलना में बिक्री और आवश्यकता पर्याप्त/समुचित है और उर्वरकों की कोई कमी नहीं है।

(ग) और (घ): राज्य सरकार ने खरीफ मौसम 2020 के लिए अतिरिक्त आवश्यकता का कोई अनुरोध नहीं किया है लेकिन आवश्यकता के आरक्षित कोटा को जारी करने का अनुरोध किया है।

****